Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 29-04-2022 अंक 211

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### छत से गिरकर नाबालिग घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचामाधव पंचायत के कारीमाटी निवासी जगदीश माहतो के 12 वर्षीय पुत्र करण कुमार छत से गिरकर घायल हो गया। वहीं परिजनों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### विषपान से महिला हुई गंभीर, रेफर

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी सुधीर प्रसाद की पत्नी खुशबू देवी ने घरेलू विवाद में विषपान कर लिया, जिससे वह गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# प्रत्याशियों को आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




29 अप्रैल को यानी आज विभिन्न पदों के प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए है। चुनाव आयोग की ओर से पंचायत चुनाव के लिए जो सिंबल (चुनाव चिह्न) तय किया गया है, उसके अनुसार, कोई प्रत्याशी सीसीटीवी से वोटरों पर नजर रखेगा तो कोई कार्पेट बिछाएगा। कोई बा. ंसुरी बजाएगा तो कोई फुटब०ल खेलते और बल्लेबाजी करते नजर आएगा। चुनाव आयोग ने सभी पदों के लिए 24-24 चुनाव चिह्न जारी किए हैं। ये चिह्न प्रत्याशियों को उनके नाम के हिंदी वर्णमाला के अनुसार आवंटित होगा।


**जिला परिषद के लिएः** एयर कंडीशनर, ऑटोरिक्शा, चूड़ियां, बिस्कुट, कैमरा, बैटरी-टॉर्च, बक्सा, ईटें, कार्पेट, बेंच, बाल्टी, सीसीटीवी कैमरा, चिमनी, कंप्यूटर माउस, चपाती रोलर, नारियल फर्म, घन, हीरा, डोली, का खंभा, और ड्रिल मशीन, बिजली बांसुरी फव्वारा।

**पंचायत समिति सदस्य के लिए :** अलमारी, बेबी वॉकर, बल्ला, मोतियों की हार, साइकिल पंप, ब्लैक बोर्ड, डबल रोटी, ब्रीफकेस, केक, केन, कैरम बोर्ड, जंजीर, चप. पलें, चिमटी, कलर ट्रे और ब्रश, चारपाई, कप और प्लेट, डीजल पंप, द्वार घंटी, डंबल्स, लिफाफा, फुटबॉल, फ्रॉक, गन्ना किसान।

**मुखिया के लिए :** सेब, गुब्बारा, बल्लेबाज, बेल्ट, दूरबीन, आदमी व पाल युक्त नौका, ब्रेड टोस्टर, ब्रुश, कैलकुलेटर, शिमला मिर्च, फूलगोभी, चक्की, शतरंज बोर्ड, कोट, कंप्यूटर, क्रेन, कटिंग प्लायर, डिश एंटीना, दरवाजे का हैंडल, कान की बालियां, एक्सटेंशन बोर्ड, फुटबॉल खिलाड़ी, फ्राइंग पैन, गैस सिलेंडर।








सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर













सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बढ़ती गर्मी से बढ़ रहा लू का खतरा रहे, सतर्क

### अनावश्यक घर से बाहर न निकले : डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डॉ अनिल कुमार



अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में प्रवेश करते ही दिन के तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो गया है। लगातार बढ़ते तापमान वा चिलचिलाती धूप बढ़ने के साथ ही बीमार होने का आशंका भी बढ़ गया है। वहीं शुक्रवार को बरही मल्लाहटोली निवासी अभय निषाद उम्र 20 वर्ष पिता आशीष निषाद लू लगने से गंभीर हो गए। वहीं उनके परिजनों के द्वारा बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया, वहीं अपेम के मुख्य सलाहकार सह बरही के जाने माने डॉक्टर अनिल कुमार ने लोगो से अपील किया की तेज धूप लगने की आशंका बढ़ जाती है। लू लगने पर शरीर का तापमान एक दम बहुत बढ़ जाता है और शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती है। दरअसल, जब शरीर का थर्मोस्टेट सिस्टम शरीर को वातावरण के अनुकूल ठंडा रखने के नाकाम हो जाता है, जिससे शरीर में गर्मी बढ़ जाती है और शरीर का ठंडक काम हो जाता है और लू लग जाती है। साथ ही लू लगने पर शरीर में गर्मी, खुश्की कर थकावट महसूस होने लगती है तथा ज्यादा प्यास लगने लगती है। साथ ही साथ उन्होंने बताया की शरीर में लू लगने की अहम वजह शरीर में पानी की कमी होती है। इसीलिए किसी न किसी रूप में पानी पानी की पूर्ति करे। इसके अलावा लू से बचने के लिए आम का पन्ना, नींबू पानी, सादा पानी, फल का रस, दही, मट्ठा, जीरा, छाछ, जलजीरा एवं लस्सी के माध्यम से लेते रहना चाहिए।




## बरही वार्ड निर्विरोध जीतने वाले कुल प्रत्याशी 93, शेष 399 चुनावी मैदान में

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से कुल 93 वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीता। वहीं बाकी शेष बचे 399 प्रत्याशियों को चुनावी चिन्ह घोषणा कर दिया गया। निर्विरोध जीतने वाले प्रत्याशियों में बरही पूर्वी से वार्ड संख्या 1,3,5,7 एवं 11, बरही पश्चिमी से वार्ड 1,2 एवं 8 बरसोत से 6, 7 एवं 9 पंचमाधव बसरिया से 2, 7 एवं 10 बेंदगी पंचायत से 1, 4 और 8 भंडारों से 2, 3,4, 5, 7 एवं 11 विजैया से 1, 2, 4, 6, 7 एवं 10 डपोक से 8, 11 और 15 धनवार से 8 दुलमहा से 1, 3, 5, 6, 8, 10, 11 और 15 गौरियाकरमा से 4 करियातपुर से 1, 3, 4, 6, 7, 8, 10, 11 और 13 करसो 4, 5, 6 और 9 केदारूत 9, 11 और 13 खोड़ाहर 2, 4, 5, 6, 9, 10, 12, 13 और 14 कोल्हुवाकला 5, 6, 8, 10, 11 और 14 कोनरा से 1, 7, 8, 9, 11, 12, 13, 14 और 15 मलकोको से 1, 2, 4 और 8 रानीचुवा 5, 6 और 7 रसोईया धमना पंचायत से 2, 9 , 11 और 12 शामिल है। शेष बचे प्रत्याशी चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे।

## बरही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 148 मुखिया प्रत्याशी आमने सामने

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड के 20 पंचायत में मुखिया प्रत्याशी के रूप में 148 प्रत्याशी है आमने सामने जिसमे विजैया 9 केदारूत 8 गौरियाकरमा 6 बरही पश्चिमी से 15 बेंदगी से 7 खोदाहर से 6 भंडारों से 7 धनवार से 8 रानी. चुवा से 4 करियात्तपुर से 8 बरसोत से 8 मलकोको से 9 डपोक से 4 कोनरा 7 बरही पूर्वी 6 रसोईयाधमना से 8 करसो से 6 पंचमाधव 10 कोल्हुवकला 6 दुलमहा से 6 प्रत्याशी शामिल है।

## चाणक्या आईएएस एकेडमी में विशेष निःशुल्क करियर काउंसलिंग 1 मई को

### संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा व दिल्ली के विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम रहेगी काउंसलिंग में शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में आगामी 1 मई को विशेष करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है, जिसमें संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, झारखंड एकेडमिक हेड के पद से सेवानिवृत्त अनवर हुसैन व दिल्ली के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि इंटर की परीक्षा हाल ही में समाप्त हुई है और ऐसे में विद्यार्थियों के साथ साथ माता-पिता भी अपने बच्चे के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। इसी दृष्टिकोण से चाणक्य आईएएस एकेडमी ने हर वर्ष की भांति इस बार भी 5 दिवसीय निरू शुल्क करियर काउंसलिंग के बाद अभी-अभी इंटर की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को संवारा जा सके। वहीं संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि कई बार विद्यार्थी अपने तय लक्ष्य को मार्गदर्शन के अभाव में सफलता प्राप्त नहीं कर पाते। इसलिए वैसे विद्यार्थी करियर काउंसलिंग के माध्यम से सफलता हासिल करने के रास्ते को आसान बना सकते हैं। करियर काउंस. लिंग के उद्देश्य बताते हुए श्रीमति मिश्रा ने कहा कि काउंसलिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों में सफलता के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है। निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थी 9155596775 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 28-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## HY (होरिल यादव) प्रोडक्शन के बैनर तले बनी शॉर्ट फ़िल्म सपने हुई रिलीस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



इस फ़िल्म को पुरहरा के समाज सेवी होरिल यादव के पुत्र नितेश कुमार ने मोबाइल से फ़िल्माया है। नितेश जाविर्स क०लेज रांची से मास्स कम्युनिकेशन करने के बाद अभी पंजाबी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से परफ०र्मिंग आर्ट्स की पढ़ाई कर रहे है। नितेश कुमार ने इस लघु फ़िल्म का लेखन,निर्देशन और एडिटिंग ,के साथ साथ फ़िल्म में अभिनय भी किया है। इस फ़िल्म की शूटिंग पुरहरा गांव में हुई है जबकि ड्रीम सीक्वेंस को चंडीगढ़ में फ़िल्माया गया है। इस फ़िल्म मे कई बाल कलाकारों ने अभिनय किया है जिनमे अभिराज, अनीश,आयुष,मिथुन, दिपेश, धीरज, दिवाकर शामिल हैं, यह सभी बाल कलाकार पुरहरा गाँव के रहने वाले है। इसके अलावा चंडीगढ़ के युवा कलाकार अवरिंद्र, कुलदीप, बबल,राजिंद्र, मनीषा, शिवांगी,शुभम, रोहित पांडेय ने भी इस फिल्म मे अभिनय किया है। इस फिल्म के निर्देशक नितेश कुमार का मानना है की है की पढ़ाई के साथ साथ टैलेंट का योगदान करियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस फिल्म के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण इलाको के बच्चो मे परफ०र्मिंग आर्ट्स के प्रति रुचि को उत्पन्न करने की प्रयास की है। इस फ़िल्म में ग्रामीण इलाको के राजनी. तिक परिवेश को दर्शाया गया है। जिसमे जनता ईमानदारी और विकास के आधार पर वोट न दे कर अपने व्यक्तिगत संबंध के आधार पर अपने उमीदवारों को वोट देती है, इसके साथ साथ उमीदवारों की मानसिकता को भी दर्शाया गया है, कैसे जनता राजनेताओं और उनके कार्यकताओ की बातो से प्रभाभित हो कर वोटिंग करते है। इस फ़िल्म को तीन भाषाओं मे फिल्माया गया है जिसमे खोरठा,हिंदी और पंजाबी भाषाओं का इस्तेमाल किया गया है, इस शॉर्ट फिल्म को नितेश कुमार के यूट्यूब चौनल मे शुक्रवार को रिलीज किया जाएगा।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रसोईया धमना से पंचायत समिति सदस्य के लिए सबसे शिक्षित व योग्य उम्मीदवार अनुज कुमार, अलमीरा छाप मिला चुनाव चिन्ह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरों पर है, शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिया गया। जिसमे बरही प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए सुयोग्य कर्मठ, जुझारू एवं विधिक जानकर पत्रकार सह अधिवक्ता प्रत्याशी अनुज कुमार को क्रम संख्या–01 अलमारी छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इस दौरान उन्होंने पंचायत वासियों से अपील करते हुए कहा कि एक बार हमें सेवा करने का मौका दे, पंचायत में जागरूकता का संचार किया जाएगा। कोई जरूरतमंद इंदिरा आवास, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य प्रकार के सरकारी लाभ से वंचित नही रहेंगे। सभी को योग्यतानुसार कार्य का अवसर दिया जाएगा। बुजुर्गो अभिवावकों को सम्मान, युवाओं को सही परामर्श व रोजगार सृजन में सहयोग, महिलाओं को उनका हक दिलाने का कार्य किया जाएगा। किसी को किसी भी रूप से नजर अंदाज नही किया जाएगा। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उनका कार्य अविलंब करवाना सहित पंचायत वासियों द्वारा आये सुझावों पर कार्य कर पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना उनका उद्देश्य है। अनुज कुमार ने सभी पंचायत वासियों से अपील किया कि व०लेट पेपर के क्रम संख्या 01 में अलमारी छाप पर मुहर लगाकर एक ईमानदार शिक्षित एवं सक्रिय उम्मीदवार को भारी से भारी मतों से विजयी बनाये।

## सिंघरावां पंचायत के मुखिया प्रत्याशी शहजाद खान ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सिंघरावा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी सह वरिष्ठ समाजसेवी शहजाद खान ने अलवदा जुम्मा के दिन केवला में जामा मस्जिद के समीप भव्य तरीके से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग पांच सौ लोगो ने भाग किया जहां सभी के लिए पकोड़ी, चना एवं विभिन्न प्रकार का फल व्यवस्था किया गया था।वहीं मुखिया प्रत्याशी शहजाद खान ने रोजेदारों से खिताब करते हुए कहा की इफ्तार के पहले अल्लाह ताला से मांगे जाने वाली दुआ मकबूल होती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की लोगो को इफ्तार के दस्तरखान पर 10 मिनट पहले ही बैठ जाना चाहिए और अल्लाह के बारगाह में हाथ उठाकर आजीजाना दुआ करनी चाहिए।मौके पर शहजाद खान, हाजी मोइन खान, हाजी आमीन खान, हाजी समीम खान, हाजी सईद खान, इरशाद खान, अला. उद्दीन खान, इरफान खान, कौशर खान, राजू खान, बबलू खान, फइम खान, झ्रास खान, अतीक खान, अनीस खान, सरवर खान, वकील खान, अतीक खान, मंटू खान, कौशर खान, काशिम खान, इलियास खान, शहजाद खान, कमाल खान, मोइज खान, दानिश खान, मोहि खान, जहांगीर खान, सैफ खान, सद्दाम खान, न्याज खान, राजा खान, अफ्फाक खान, तौकीर खान, मनुवर खान, समसुद्दीन खान, सउत खान, अख्तर खान, अबुल हसन, मनीर खान एवं गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रसोईया धमना पंचायत के वार्ड संख्या– 13 से योग्य कर्मठ एवं शिक्षित उम्मीदवार का करे समर्थन : पूनम देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के वार्ड संख्या–13 लश्करी गाँव से योग्य, कर्मठ एवं शिक्षित उम्मीदवार पूनम देवी का चुनाव चिन्ह गैस का चूल्हा आवंटित किया गया है। इस बाबत उन्होंने अपने वार्ड के लोगो से समर्थन का अपील करते हुए कहा कि अपने वार्ड के लोगो का दमदार प्रतिनिधित्व के लिए एक बार मुझे समर्थन करे, आपका आवाज पंचायत सचिवालय से लेकर प्रखण्ड कार्यालय तक पहुचाने एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का कार्य करुंगी। साथ ही साथ समाजसेवी दिनेश प्रजापति ने कहा की वार्ड नंबर 13 को एक आदर्श वार्ड बनाना है। वहीं वार्ड नंबर 13 के वासियों से अपील किया की व०लेट पेपर के क्रम संख्या 01 गैस का चूल्हा छाप पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजई बनाए।

## बरही पश्चिमी गया रोड वार्ड संख्या 03 से वार्ड सदस्य के लिए शिक्षित व योग्य उम्मीदवार सिंकी देवी को गैस का चूल्ल छाप मिला चुनाव चिन्ह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही । में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरों पर है, शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिया गया। जिसमे बरही पश्चिमी गया रोड वार्ड सदस्य पद के लिए तेज़ तर्रार शिक्षित व योग्य महिला सिंकी देवी पति युवा पत्रकार सह समाजसेवी अमीत कुमार सोनी को क्रम संख्या–01 गैस का चूल्हा छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इस दौरान उन्होंने गया रोड वार्ड संख्या 03 वासियों से अपील करते हुए कहा कि एक बार हमें सेवा का मौका दे, उन्होंने बताया की वार्ड में नाली निर्माण, साफ सफाई, नियमित स्वास्थ्य जांच, सहित आदर्श वार्ड बनाना उनका लक्ष्य है । सिंकी देवी गया रोड वार्ड संख्या 03 वासियों से अपील किया कि व०लेट पेपर के क्रम संख्या 01 गैस का चूल्हा छाप पर मुहर लगाकर अपना समर्थन वह बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाये।





## रसोइया धमना चकुराटांड़ जेल के पास जमीन लेने का सुनहरा अवसर

ए वी एस ग्रुप एंड डेवलपर कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है नियम एवं शर्तें

प्लॉट का कीमत 375 रुपये प्रति वर्ग फ़ीट से लेकर 460 रुपये प्रति वर्ग फ़ीट तक आप अपनी पसंद और अपनी सहूलियत के हिसाब से प्लॉट बुक करवाये अपने सपनो को साकार करे। सपना आपका प्रयास हमरा समान आपके विश्वास का

नियम वा सरते लागू

संपर्क सूत्र
9162136607
9693780571
6200040915
7739783543
8252948876




APEM LIVE

## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नाम पर हो रही साइबर ठगी


**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आए दिन कई प्रकार की ठगी का मामला प्रकाश में आ रहा है। किसी को मोबाइल नंबर केवाईसी के नाम पर तो किसी को फ्री रिचार्ज ऑफर के नाम पर, किसी को ल०टरी में इनाम मिलने के नाम पर, किसी को मोबाइल ट०वर लगवाने के नाम पर, किसी को सस्ती गाड़ी बेचने के नाम पर, किसी को बगैर किसी अप्रूवल के लोन देने के नाम पर, किसी को लोन की किस्त माफ कर देने के नाम पर, किसी को गाड़ी के शोरूम खोलवाने के नाम पर तो किसी को नौ. करी दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है साइबर क्रिमिनल/ठगों द्वारा। आजकल बिजली विभाग के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) अपने उपभोक्ताओं के लिए एक एलर्ट जारी किया है जो इस प्रकार हैरू- जागरूक रहें सुरक्षित रहें विशिंग/साइबर फ्रॅाड/फर्जी फोन कॉल से सावधान रहें झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अपने विद्युत उपभोक्ताओं से कभी भी बैंकिंग डिटेल्स जैसे बैंक अकाउंट नंबर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी, पिन, ओटीपी, एक्सपायरी डेट और इंटरनेट/डिजिटल बैं. कंग (फोन पे, गूगल पे जैसे) की जानकारी नही मांगता है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अपने विद्युत उपभोक्ताओं को कभी भी नए बिजली कनेक्शन देने/बिजली कने. क्शन हटाने/बिजली कने. क्शन जोड़ने/बिजली कनेक्शन में नाम चेंज करने/लोड चेंज करने/स्थान परिवर्तन/ एड्रेस सुधार/बिजली बिल भूगतान एवं सुधार/मोबाइल अथवा ईमेल अपडेशन एवं पर्सनल बैंकिंग डिटेल्स इत्यादि देने हेतु कॉल/एसएमएस/ईमेल करने का अनुरोध नही करता है। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी फोन क०ल/एसएमएस (मैसेज)/ईमेल के माध्यम से मांगे जाने पर जेबीवीएनएल के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से तुरंत संपर्क करें। याद रहे जेबीवीएनएल द्वारा कभी भी उपभोक्ताओं की बैंकिंग डिटेल्स नही मांगी जाती है। आपके मोबाइल फोन पर कोई कॉल एसएमएस ईमेल बिजली विभाग के नाम पर आए तो तुरन्त अपने नजदीकी जेबीवीएनएल कार्यालय से संपर्क करें। मोबाइल फोन कॉल पर कभी भी किसी को कुछ जानकारी नहीं दें अन्यथा आप साइबर ठगी के शिकार हो सकते हो।

## बिरनी :-गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौत

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



मुखमार्गो कोडरमा मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह करीब सात बजे मेझलादिह के पास तेज रफ्तार का कहर देखना को मिला। बता दें कि बाइक सवार अन्तसूलित होकर एक पेड़ को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार इसी थाना क्षेत्र के मखमार्गो गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी के वर्षीय 14 वर्षीय पुत्र अरमान अंसारी व असगर अंसारी का 13 वर्षीय पुत्र अजमल रजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीण के सहयोग से दोनों जख्मी के घरवाले ने बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गया। जख्मी अरमान अंसारी को चिकित्सक पदा. धिकारी देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि अजमल रजा को इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया देर शाम अजमल अंसारी ने भी दम तोड़ दिया। दोनों में मृतक चचेरा भाई थे। दोनों नाबालिग भी थे। घरवाले अजमल के शव को घर वह जख्मी को इलाज के लिए धनबाद अशर्फी ह०स्पिटल ले गए थे। घटना की सूचना बिरनी थाना को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर बाइक को जब्त कर थाना ले गया बताया जाता है।वही दोनो मृतक किसी काम से सुबह के सात बजे अपने बाइक से दोनों चचेरा भाई इसी थाना क्षेत्र के गुड्डीटांण्ड जा रहे थे। जिसमें उतक स्थान पर असंतुलित हो गया। जिसमें पेड़ से जा टकराया इधर बिरनी के एसआई मृत्युंजय सिंह मृतक के घर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने में अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कानूनी प्रक्रिया कार्य करने लगे। मृतक के दादा आ. शिम अंसारी, मृतक के मां शहीदन खातून ने भाई शाहबाज अंसारी ने पा. स्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। पुलिस पदाधिक. ारी व समाजसेवी तथा पंचायत समिति प्रतिनिधि ने मृतक के घरवालों को समझाने का प्रयास किया। घरवालों ने बताया कि मेरा पोता अपने बाइक से पेड़ से टकराई है। मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहे हैं। इसलिए पोस्टमार्टम नहीं किया जाए और ना ही हमें सरकारी लाभ लेना है। बताया जाता है कि बाइक सवार तेज रफ्तार से गुड्डीटाँड़ किसी काम से जा रहे थे । दोनों नाबालिग अन्तसूलित बाइक से पेट से टक्कर मार दिया। बाइक सवार दोनों हेलमेट लगाए होते तो शायद चोट नहीं आती।

## रमजान महीना का अलविदा जुमा अदा किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



रमजान महीना का आखिरी जुमा या अलविदा जुमा मनाया जा रहा है. आखिरी जुमा को लेकर बाजारों में रौनक दिखने वाली है. इस्लाम धर्म में रमजान के महीने में हर साल आखिरी जुमा या अलविदा जुमा मनाया जाता है. रमजान का ये दिन बेहद ही खास है. इस दिन नमाज और खुदा की इबादत का बहुत महत्तव है. आईये जानते हैं इस दिन के बारे में कुछ दिलचस्प बातें

**अलविदा जुम्मा का महत्तव**

अलविदा जुमा या आखिरी जुमा रमजान के खत्म होने और नए महीने की शुरूआत होने का प्रतीक है. दुनिया भर के सभी मु. सलमान इस दिन को बेहद ही खास मानते हैं. इस दिन को जुमा- तुल-विदा के नाम से भी जाना जाता है.

**ऐसे मनाया जाता है रमजान का आखिरी जुम्मा**

इस दिन सभी मुसलमान अल्लाह से प्रार्थना करते हैं और कुरान -पाक की इबादत करते हैं. इस दिन सभी मुसलमान गरीबों और जरूरतमंदो की मदद करते हैं रमजान का पवित्र महीना इस बार 3 अप्रैल को शुरू हुआ और ये 2 मई को खत्म हो रहा है. दुनिया भर के मुसलमान 3 मई को ईद-उल-फितर की नमाज अदा करेंगे. बता दें कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, रमजान का त्योहार पूरे एक महीने चलता है.

## राजदेव यादव का जनसम्पर्क अभियान हुवा तेज, घर गाँव पहुँच मांग रहे जनसमर्थन

### राजनीतिक अनुभव का मिल रहा लाभ, जनता पर है विश्वाश : राजदेव यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो से जिला परिषद उम्मीदवार राजदेव यादव ने अपने चुनावी अभियान को गति देते हुए चलाया जनसम्पर्क अभियान। घर गांव पहुंच लोगों से मांग रहे जनसम. र्थन। इस दौरान राजदेव यादव ने बहेरा व मानगढ़ पंचायत के कई गांव का दौरा कर अपने पक्ष में माँगा समर्थन। राजदेव यादव ने कहा कि हमे 30 वर्षो के राजनीतिक अनुभव का लाभ मिल रहा है। मुखिया संघ अध्यक्ष रहते हमारे द्वारा किये गए कार्यो से जनता प्रभावित है। कहा जनता पर विश्वाश है इस पर जिला परिषद के रूप में हमे आपार जनसमर्थन मिल रहा है। राजदेव यादव ने कहा जनता हमे अगर मौका देती है तो हम प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करूँगा। अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाला पंचायतो को आदर्श पंचायत बनाकर विकास की नई लकीर खींचूंगा। विधायक पुत्र सह उम्मीदवार रवि अकेला पर तंज कसते हुए श्री यादव ने कहा पिता की राजनीतिक के भरोसे चुनावी मैदान में उतरे है, इनको राजनीतिक का ककहरा भी नही आता है सिर्फ अवैध करोबार में संलिप्त रहते है। मालूम हो कि भाग दो में आने वाले पंचायत भगहर, पडरिया, करमा, मानगढ़, बहेरा, पाण्डेयबारा, जगदीशपुर, ताजपुर व चौपारण पंचायत शामिल है।

## सर्वश्रेष्ठ छात्र को मिलता है पुरुस्कार, ऐसा है मध्य विद्यालय सेलहारा का दिनचर्या

### बच्चो में बढ़ता है उत्सुकता, कुछ नया करने के लिए बच्चो में होता है प्रतिस्पर्धा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



आप अगर आर्थिक रूप से सक्षम है तो आप अपने बच्चे को प्राथमिक शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालयों में न भेजकर निजी विद्यालय में भेजना चाहते है। सरक. ारी विद्यालयों में सरकार द्वारा प्रशिक्षित शिक्षको के साथ शिक्षण सामग्री, निःशुल्क शिक्षा, सभी सु. विधाएँ उपलब्ध है बावजूद निजी विद्यालयों में नामांकन को लेकर होड़ रहता है। प्रखण्ड में एक ऐसा सरकारी विद्यालय है जहां आसपास के बच्चे स्कूल जाने के किये लालयलित होते है व नामांकन लेकर होड़ मचा रहता है। भला हो भी क्यों न यहां प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ छात्र को पुरुस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाया जाता है। जी हाँ हम बात कर रहे है मध्य विद्यालय सेलहारा का। सेलहारा स्कूल नित प्रतिदिन अपने नए नए क्रियाकलापो से प्रखण्ड के अन्य सरकारी विद्यालयों के लिए प्रेरणाश्रोत बने हुए है। स्कूल के वरीय शिक्षक सह एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा व प्राचार्य रामखेलावन रविदास आदि शिक्षको के मार्गदर्शन में प्रतिदिन बेहतर शिक्षण कार्य, स्कूली एक्टिविटी, अनुशाशन, विद्यालय में आने जाने, ड्रेस पहनावे आदि मामले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक बच्चे को विद्यालय द्वारा प्रतिदिन स्कूल छुट्टी के बाद पुरुस्कृत किया जाता है । शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से बच्चो में पढ़ाई व अन्य कार्यो के प्रति उत्सुकता बढ़ता है। कुछ नया करने के लिए बच्चो में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होता है। प्राचार्य रामखेलावन ने कहा कि प्रतिदिन ग्राम शिक्षा समिति के अलावे आसपास के गांवों के प्रतिष्टित व्यक्ति को बुलाकर छात्र को पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाया जाता है। शिक्षक रामचंद्र साहू,बिजय कुमार, राजेंद्र रविदास ,डेज़ी कुमारी ,सिंह रंगीना कुमारी आदि का सहयोग निरंतर मिलता रहता है।

## बिजली विभाग ने चालाया अवैध बिजली जलाने वालो के खिलाफ अभियान

### अभियान चला कर बिजली चोरी के आरोप में राजपुर थाने में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




राजपुर थाना में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग ने पाँच लोगो के खिलाफ अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए बड़े पैमाने पर जुर्माना भी लगाया है।बिजली विभाग के कनीय अभियंता अशोक कुमार ने राजपुर थाने में आवेदन देकर मुकदमा दर्ज करवाया है।श्री कुमार ने कहा है कि जो भी लोग बिना कनेक्शन लिए बिजली का उपयोग कर रहे हैं वो सावधान हो जाएं।. उन्होंने कहा कि बिना कने. क्शन वाले पर जुर्माना के साथ साथ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।शुक्रवार को जिन लोगो पर मुकदमा दर्ज किया गया है ।राजपूर के राकेश कुमार पिता दिनेश्वर पर 10500,पिंटू कुमार दाँगी पिता द्वारिका दाँगी पर 10500,अर्जुन पांसी पिता प्रयाग पांसी पर 26466,बिरेन्द्र राणा पिता जाहो राणा पर 21000 एवं रतन दाँगी पिता रवानी दाँगी पर 4000 रुपया जुर्माना और मुकदमा दर्ज किया गया है।

दिनांकः 29-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## संदेहास्पद स्थिति में हुई विवाहिता की मौत

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित हंडाडीह में एक विवाहिता की संदेहा. स्पद स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतिका 30वर्षीय रूबी पांडेय विकास कुमार पांडेय की पत्नी थीं। मृतिका का मायका देवघर बताया गया है। मृतिका के चाचा रविशंकर पांडेय ने अपनी भतीजी रूबी पांडेय के ससुराल वालों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि रूबी पांडेय की शादी उनके पिता ने अपने सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ की थी। शादी के कुछ साल बाद दहेज के रुप में कई और सामानों की माग की जाने लगी जिसको लेकर उसके ससुराल वाले रूबी पांडेय को प्रताड़ित करने लगे। मामले को बिगड़ता देख रूबी पांडेय के पिता ने उसके ससुराल वालों को फ्रिज वाशिंग मशीन सहित कई अन्य सामानों को दिया। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा फिर कुछ दिनों बाद कार की माग की जाने लगी और फिर से प्रताड़ित किया जानें लगा और मारपीट भी किया जानें लगा। मामला फैमिली कोर्ट तक पहूंच गई। कोर्ट में रूबी पांडेय के ससुराल वालों ने अपनी गलती को मानते हुए दुबारा गलती ना दुहराने की शर्त पर अपने साथ ले गए। प्रताड़ना और मारपीट के कारण रूबी पांडेय पूरी तरह से कमजोर हो गई थी और अंदर से टूट भी चुकी थीं। जिसके कारण उसके ससुराल वाले उसे मानसिक रोगी करार दे दिया। गांव समाज के गणमान्य लोगों के साथ बैठकर समझौता भी किया गया। इसी दरमियान गुरुवार 28/04/2022की रात करीब 9:15बजे उसके ससुराल से फोन क०ल आया की रूबी पांडेय की मौत हो गई। सुचना पाकर हमलोग अस्पताल पहुंचे तो वहां देखा कि मेरी भतीजी मरी पड़ी है और उसके चेहरे पर कई चोट के निशान हैं। लाश को देखने से संभवत लग रहा था कि उसकी हत्या दिन में कर दी गई थी और कानून से बचने के लिए उसे अस्पताल लाया गया। मैं गिरिडीह ज़िला प्रशासन से मांग करता हूं कि मेरी भतीजी के हत्यारों को फांसी की सजा दे ताकि कोई और ऐसा जघन्य कृ त्य करने का दुःसहस ना कर सके। मृतिका रूबी पांडेय के पति विकास कुमार पांडेय ने सारे आरा. ेपों को निराधार बताया। उन्होने कहा कि घटना के दिन मैं घर पर नहीं था। मेरी पत्नि का अचानक तबीयत बिगड़ी उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उसका लंबी अवधि से इलाज चल रहा था जिसमें लाखो रुपए खर्च हुए मगर एक बार भी मेरी पत्नि के मायके वाले देखने तक नहीं आए। घटना की सूचना पाकर पचंबा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पचंबा थाना पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने पर हरेक बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जायेगी दोषी पाए जाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

## 2 मई को डांडीडीह बिजली बिभाग कार्यलय में को प्रदर्शन करेगी भाकपा माले

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह में बिजली कटौती को लेकर जनता में भारी आक्रोश है, जिसको लेकर भाकपा माले गिरिडीह आगामी 2 मई को डांडीडीह बिजली अ०फिस में प्रदर्शन और घेराव करेगी। भाकपा माले नेता क०मरेड राजेश सिन्हा ने बताया कि गिरिडीह उपायुक्त को एक आवेदन दिया गया,बाकी सं. बंधित विभाग को भी आवेदन दिया जाएगा। उन्होने यह भी कहा कि हरेक जनमुद्दे को बेहतर तरीके से भाकपा माले उठाता है,रिजल्ट भी आता है, आगे आएगा भी,जनता को भी आगे आना होगा,जनता का काम नहीं होता है इसके पीछे जनता का भी हाथ है,वोट देते है जिस प्रकार,जाती,पार्टी, कोम आदि के नाम पर और फिर भूल जाते है,जबकि जब काम न हो तो कम से कम उसी नेता के विरुद्ध बोल तो सके,माले जनता को क्रांतिकारी विचार के लिए हमेशा प्रेरित करती है। बिजली विभाग जब मन करता है बिजली काट लेता है जिससे पढ़ने वाले बच्चे,बिजली से कार्य करने वाले दुकानदार,गृहणी,बड़े बुजुर्ग सब परेशान है मतलब सिर्फ पूंजीपति,धनसेठ आदि ही खुश है,उनको आम जनता से लेना भी कम रहता है,आम जनता से सिर्फ इनको बिजनेस करना होता है। यह आंदोलन जनता का आंदोलन है 2 मई को 10 बजे दिन से डांडीडीह बिजली अ०फिस का धेराव करना है,इस अभियान को सरकार के प्रतिनिधि भी देख रहे होंगे ,जल्द एक आवेदन गिरिडीह विधायक और सांसद को भी दिया जाएगा।

## अभय कुमार व विनीत भास्कर चुने गए झारखंड युवा सदन के लिए

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**





आज शुक्रवार को गिरिडीह में नई पीढी के कंधे पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। और ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि हमारे देश में यूवा पीढ़ी को जब तक जिम्मेदारी नही दी जाएगी ना ही समुचित विकास संभव है और न ही बेरोजगारी कम होगी। एक यूवा नेता ही एक बेरोजगार का दर्द को समझ सकता है और आवाज़ को उठा सकता है। यूवा पीढ़ी के अंदर बहुत ही जबरदस्त ऊर्जा भरी होती है। झारखंड युवा सदन 3.0 के लिए गंडेय विधानसभा क्षेत्र से अभय कुमार चुना गया हैं वही गिरिडीह विधानसभा से विनीत को। अभय कुमार एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष व सूंड़ी समाज के युवा जिलाध्यक्ष भी हैं और विनीत भास्कर एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष भी है। 14 से 16 मई तक रांची में आयोजित युवा सदन में सामिल होंगे। जिसमे वे अपने- अपने क्षेत्र के अहम मुद्दे को झारखंड युवा सदन में प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे। युवा सदन में अभय और विनीत का चयन होने से जिले के लोगो ने बधाई दी है।

## उम्मीदवारों को मिला चुनाव चिन्ह, कोई खिलायेगा सेव तो कही बटेगा बल्ला व बेल्ट

### सबसे कम ताजपुर व सबसे ज्यादा सिंघरावां पंचायत में है मुखिया उम्मीदवार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**









पहले चरण का चुनाव चिन्ह उम्मीदवारों को आवंटित कर दिया गया है। मुखिया उम्मीदवारों के लिए पहले नम्बर पर सेव, दूसरे नम्बर पर गुब्बारा, तीसरा बल्लेबाज, चौथा बेल्ट, पाँचवा दूरबीन, छठा आदमी व पाल युक्त नाव, सातवां ब्रेड टोस्टर, आठवें नम्बर पर ब्रूस नवें पर कैल. कुलेटर दसवे नम्बर पर शिमला मिर्च आदि चुनाव चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद उम्मीदवार अपने अपने चुनाव चिन्ह के साथ अपना तार्किक अर्थ ढूंढने में लग गए है। कोई मुखिया उम्मीदवार अपने चुनाव चिन्ह के साथ जनता को खिलाएंगे सेव व कही उम्मीदार बांटेंगे बल्ला व बेल्ट। मालूम हो कि चौपारण प्रखण्ड में 26 पंचायत है जिसमे सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार सिंघरावां पंचायत से है जबकि सबसे कम मात्रा 2 उम्मीदवार ताजपुर से है। अगले 12 मई तक उम्मीदवार निर्वाची पदाधिक. ारी से आदेश लेकर चुनाव प्रचार में जान फूंक देंगे। मुखिया पद के उम्मीदवार अपने चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद शुक्रवार को दिनभर उम्मीदवार फेसबुक व्हाटसअप में खूब प्रचार करते दिखे।

## नाबालिग की हत्या कर शव नाले में फेंका

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



**नाबालिग बच्ची का शव**

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के रमुवां निवासी नाबालिग सीता कुमारी (11) का शव विष्णुगढ़ बगोदर रोड पर स्थित सतगढ़वा पुल के पास नाले से मिला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है। मामले को लेकर मृतका के चाचा विनोद प्रजापति ने विष्णुगढ़ थाना में आवेदन दिया है। कहा है कि भतीजी सीता कुमारी गुरुवार को घर में बोलकर निकली की हम नदी के तरफ जा रहे हैं। लगभग एक घंटा तक वापस नहीं आई तो हमलोग काफी खोजबीन करने लगे। खोजबीन के क्रम में सतगढ़वा पुल के पास नाले में सीता कुमारी का शव मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर शव को नाला में फेंक दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इधर घटना के बाद परि. जनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## विष्णुगढ़ में 27 मुखिया उम्मीदवारों ने कराया नामांकन

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



**मुखिया के लिए नामांकन प्रपत्र दाखिल करता एक अभ्यर्थी**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ में शुक्रवार को 27 मुखिया एवं 59 वार्ड सदस्य उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। जिसमें मुखिया के लिए 14 महिला एवं 13 पुरुष शामिल है। मुखिया के लिए अजमत अंसारी बकसपुरा, इस्माइल अंसारी बराय, आसमा खातून चानो, धनेश्वर महतो बकसपुरा, मोहम्मद सदाकत हुसैन बराय, निर्मल कुमार चेडरा, जोधा महतो बकसपुरा, सुशीला कुमारी खरना, चमेली देवी चानो, राधा देवी बकसपुरा, शर्मा मरांडी नागी, खुशबू देवी विष्णुगढ़, पुष्पा देवी गोविंदपुर, कुंवर हांसदा नागी, रणुजा परवीन गाल्होबार , राजेश महतो बकसपुरा, प्रभु गंझु नरकी, अंतू रविदास नरकी, सोनमती देवी खरकी, शकीला खातून गाल्होबार, नुनुचंद नायक करगालो, जयबुन खातून गैड़ा, किरण कुमारी अचलजामो, लीलावती देवी खरना, कुलसुम खातून नवादा, शकीला खातून नवादा तथा निशाल बेसरा ने नागी पंचायत से मुखिया पद के लिए नामांकन किया। इसे लेकर प्रखंड कार्यालय में दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा। वार्ड सदस्य पद के लिए शुक्रवार को 59 नामांकन दाखिल किए गए। वहीं, 110 नामांकन प्रपत्र खरीदे गए।

APEM LIVE

## पहले दिन मुखिया पद के लिए 123 एवं वार्ड सदस्य पद के लिए 110 नामांकन पत्र संभावित प्रत्याशियों ने खरीदी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


नामांकन पत्र खरीदते संभावित प्रत्याशी

राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा पंचायत चुनाव 2022 को लेकर अधिसूचना जारी होने के साथ बड़कागांव प्रखंड में चौथे चरण का चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नाम निर्देशन के लिए सूचना प्रकाशन के साथ ही संभावित प्रत्याशियों के द्वारा पंचायत चुनाव में नामांकन के लिए प्रपत्र–6 की खरीद की गई। मुखिया पद के लिए 123 एवं वार्ड सदस्य पद के लिए 110 संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र की खरीदारी की। प्रखंड में प्रत्याशी 6 मई तक नामांकन पत्रों जमा कर पाएंगे। इसके लिए पूर्वाहन 11:00 बजे से 3:00 बजे तक समय निर्धारित की गई है।वहीं 7 मई से 9 मई तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी एवं नाम वापसी की तिथि 10 मई व 11 मई तय की गई है। वही प्रत्याशियों को 12 मई को चुनाव चिन्ह आवंटन कराई जाएगी। 27 मई को सुबह 7:00 बजे से 3:00 बजे तक मतदान होगा वही 31 मई को प्रातः 8:00 बजे से मतों की गिनती शुरू की जाएगी । नामांकन पत्रों की बिक्री व नामनिर्देशन के लिए नामांकन पत्रों की जमा के लिए प्रखंड में मुखिया पद के लिए तीन (3) एआरओ टेबल बनाया गया है। वहीं वार्ड सदस्य के नामांकन के लिए प्रखंड भर के सभी पंचायत के लिए 4 एआरओ टेबल बनाया गया है।

## राजधनवार थाना क्षेत्र में एक्साइज का छापा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




शुक्रवार को अहले सुबह गिरिडीह जिला के रा. जधनवार थाना क्षेत्र में एक्साइज का छापा पड़ा। निरीक्षक उत्पाद गिरिडीह बिनोद कुमार सिंह ने अपेम लाइव न्यूज के गिरिडीह संवाददाता बजरंगी महतो को छापेमारी अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि राजधनवार थाना क्षेत्र से लगातार अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सुचना आ रही थी। आज अहले सुबह उत्पाद निरीक्षक बिनोद कुमार सिंह ने सदलबल छापेमारी की उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर। राजधनवार थाना क्षेत्र के नावागढ़ चट्टी गांव के गोविंद साव के यहां छापेमारी किया गया। रा. जधनवार थाना के बोदगो गांव के दिनेश पासवान के यहां छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान में शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त किया गया 4400किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया और 130लीटरशराब औरशराब बनाने की यंत्र को जप्त किया गया।
मौके से धंधेबाज भागने में सफल रहे। धारा 47(ए) के तहत दोनों धंधेबाजों पर केस दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान टीम में रामबचन प्रसाद (गार्ड प्रभारी), जयदेव प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, योगेंद्र सिंह, सहित अमन कुमार के साथ कई जिला पुलिस बल शामिल थे।

## युवाओं से शराब बेचवाने की तैयारी पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने झारखंड सरकार का किया विरोध

**अपेम लाइवः ओरिया**



झारखंड सरकार पढ़े–लिखे बेरोजगार युवाओं से शराब बेचवाने की तैयारी पर जनता दल युनाइटेड के प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता ने शुक्रवार को अपने हजारीबाग कालीबाड़ी स्थित आवसीय कार्यलय से कडा विरोध किया। उन्होंने कडा टूक देतें हुए कहा कि झारखंड सरकार अब पढ़े–लिखे बेरोजगारों के लिए शराब बेचवाने की बहाली निकाल रही है। यह सरकार की युवाओं के प्रति गलत मानसिकता व गलत नीतियों को दर्शाता है। राज्य सरकार अपनी चुनावी वादे को नौकरी के बदले शराब बेचवाने के लिए युवाओं का ध्यान भटकाकर गलत रास्ते की ओर अग्रसर ले जाने पर तुल्य है। उन्होंने कहा कि शराब बंदी को नियंत्रण करने के बजाय शराब पीने की ओर बढावा दिया जा रहा है। यह जनहित के बजाय अपने मनहित का कदम है। साथ ही कहा कि युवाओं से शराब बेचवाकर उनका भविष्य अंधकार व स्वर्णिम सपनों से दूर भगाया जा रहा है। कहा कि बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी शराब बंदी होना चाहिए।







